प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 09.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बजट बाद आयोजित वेबिनार को करेंगे संबोधित, शिक्षा ,कौशल विकास समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा ।**

2. **होली के अवकाश के बाद आज से फिर चलेगा झारखंड विधानसभा का बजट सत्र, 19 मार्च तक चलेगी कार्यवाही।**

3. **उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने त्रिपुरा में लांस नायक अल्बर्ट एक्का को किया नमन, असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान को भारतीय सशस्त्र बलों की अदम्य भावना का बताया प्रतीक, गुमला की अपनी यात्रा को भी किया याद।**

4. **राज्य में कई हिस्सों में आज से तीन दिनों तक तेज हवा, बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग का येलो अलर्ट जारी ।**

5. **भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार जीता टी 20 विश्व कप का खिताब, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ सबका विकास – जन आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट बाद वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य और आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न सेक्टर पर देशभर में कई सत्र आयोजित होंगे। वेबिनार सरकार, उद्योग और क्षेत्र विशेषज्ञों को बजट में प्रस्तुत नीतिगत दृष्टिकोण को कार्यात्मक रणनीति में बदलने पर चर्चा का मंच उपलब्ध कराएगा। इस विचार–विमर्श से ऐसे व्यावहारिक सुझाव मिलने की आशा है जिससे नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन आसान होगा तथा समावेशी आर्थिक वृद्धि और विकास की गति तेज होगी।

****

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र 2 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा निर्धारित है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यदि लोकसभा में प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो ओम बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे बल्कि लोकसभा सदस्यों के बीच बैठेंगे।

****

होली के अवकाश के बाद झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से एक बार फिर शुरू हो रहा है। सत्र 19 मार्च तक चलेगा। सत्र के दौरान विपक्ष सरकार को ज्वलंत मुद्दों को सदन में घेरने का प्रयास करेगा। वहीं सत्ता पक्ष भी विपक्ष के सवालों का जवाब देने को तैयार है। सत्र की शुरुआत 18 फरवरी से हुई थी

****

रांची के मोरहाबादी मैदान में आज से 20 मार्च तक आयोजित होने वाले स्टेट हैंडलूम एवं सरस मेला का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव करेंगे, जबकि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी समारोह में शामिल होंगी। इस अवसर पर मेले में विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा

****

रांची के हटिया रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित रेलवे ऑफिसर्स क्लब में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली रांची मंडल की महिला कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

****

पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति के कारण कई क्षेत्रों में विमान सेवाओं पर असर पड़ा है। यात्रियों को विमान कंपनियों से जारी नवीनतम जानकारी पर नजर रखने का परामर्श दिया गया है। उड़ानों की अद्यतन जानकारी के लिए मंत्रालय के यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष से हेल्पलाइन नंबर 0 1 1 – 2 4 6 0 4 2 8 3 और 0 1 1 – 2 4 6 3 2 9 8 7 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

****

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने त्रिपुरा के अगरतला स्थित अल्बर्ट एक्का वार मेमोरियल पर परम वीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट एक्का को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने 1971 के भारत–पाक युद्ध के नायक के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान को याद किया, जो गंगासागर की लड़ाई के दौरान प्रदर्शित हुआ था। उन्होंने इसे भारतीय सशस्त्र बलों की अदम्य भावना का कालजयी उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि देश आज भी इस वीर सैनिक की बहादुरी और निस्वार्थ सेवा से प्रेरणा लेता है।

****

धनबाद में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी हैदर अली उर्फ प्रिंस खान गैंग का एक शूटर सुदिष्ट ओझा गोली लगने से घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में सरायढेला थाने में पदस्थापित एक पुलिस कर्मी एसआई बालमुकुंद सिंह भी घायल हो गए हैं।एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि अपराधी रंगदारी लेने आए थे। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है

****

राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक बादल और हल्की बारिश की स्थिति बनी रह सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है ।राँची मौसम केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने बताया कि 12 मार्च से मौसम साफ होने की उम्मीद है

****

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी–20 विश्व कप के फाइनल में भारत, न्यूजीलैंड को मात देकर चौंपियन बन गया है। इसके साथ ही वह टी–20 विश्व कप बार जीतने वाला पहला देश भी बन गया है।

****

टी–20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत पर रांची समेत देशभर में जश्न का माहौल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ झारखंड के राज्यपाल डॉ. संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय टीम को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी है ।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने भारत के टी 20 विश्वकप जीतने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– देश की उम्मीदें पूरी, तीसरी बार जीत ली दुनिया।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – धनबाद में मुठभेड़, प्रिंस खान का गुर्गा घायल ।

दैनिक जागरण लिखता है – जेडीयू में निशांत युग की शुरूआत

प्रभात खबर के शब्द हैं– पोडानूर– धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस को मिली मंजूरी।

****